Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)
Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

स्वामित्व : अपेम फ्रेंडशिप टीम
APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 08-11-2021 | अंक 49

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941

बरही | चौपारण | बरकट्ठा | कोडरमा | इचाक | चंदवारा | गिरिडीह | चतरा | हजारीबाग | पदमा/चलकुशा | राज्य/देश

Website- www.apemlive.com | सच का साथी | Email Id- liveapem@gmail.com

# नहाय खाय के साथ शुरू हुआ आस्था का महापर्व छठ, बरही बाजार सजकर तैयार

**अपेम लाइव : बरही**

दीपावली खत्म होने के साथ ही लोक आस्था का पर्व छठ की तैयारी में लोग जुट चुके है। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व शुरुआत आज नहाय खाय के साथ हो गई है। 9 नवंबर को खरना है जबकि 10 नवंबर को पहला अर्घ्य लोग सूर्य को देंगे। जबकि 11 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस महापर्व का समापन जो जाएगा। जिन घरों में छठ होना है, उन घरों में तैयारी पूरी हो चुकी है। तैयारी का असर बाजार पर भी दिख रहा है। बाजारों में छठ पूजा के लिए उपयोग में लाये जाने वाली वस्तुएं की खरीदारी होने लगी है। बरही में सुप डाला कि बाजार सज गई है। पूजा सामग्री की खरीदारी दुकानों में जमकर हो रही है। थोक और खुदरा



छठ के लिए की सजती दुकाने व बाजार




विक्रेता फल की दुकानों में भीड़ लगने लगी है। भीड़ होने के कारण बरही चौक में जाम की स्थिति बन गई है। पुलिस प्रशासन जाम को हटाने में घंटो तक जद्दोजहद कर रहे है। हर तरफ छठ की उमंग है। छठ को लेकर सर्वाधिक गुलजार फलमंडी है। दुकानों में फल की कार्टन रखने की जगह नही बची है। व्यवसियो की माने तो भीड़ कल और बढ़ने की संभावना है। कारोबारियों से लेकर आम लोग भी बाजार में जाकर बाजार जाकर सामानों की खरीदारी कर रहे है।

# सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को कार ने लिया अपने चपेट में, एक कि मौत, दो घायल



**अपेम लाइव : बरही**

करियातपुर में एक तेज गति से आ रही कार ने सड़क के किनारे खड़े तीन लोगों को रौंदते हुए आगे बढ़ गई। जिसके कारण मौके पर से करियातपुर निवासी 15 वर्षीय रोशन कुमार पिता दिनेश रविदास की मौत हो गई । जबकि सड़क के किनारे खड़े अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल जो गए। घायलों में 11 वर्षीय छोटू रविदास पिता संतोष रविदास एवम किशोरी देवी पति भुनेश्वर भगत शामिल हैं। तीनो को तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां रोशन कुमार को



दुर्घटनाग्रस्त कार

चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दो अन्य घायलों को हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया। कार बंगाल नंबर की है। हालांकि कार को पकड़ लिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि तीनों लोग घटना से बेखबर सड़क के किनारे आपस मे बातचीत कर रहे थे। इसी बीच तेजी से आ रही वाहन ने तीनों को अपने चपेट में ले लिया। देखते देखते मौके पर मातम पसर गया। मृतक की खबर पाकर कर समाजसेवी महेंद्र रविदास, राजेन्द्र कुशवाहा आदि लोग अस्पताल पहुंचे और दुख जताया।

# बरही विधायक ने किया रसोईया धमना पैक्स में गेहूँ बीज का वितरण

## राज्य सरकार समय से पहले किसानों को बीज उपलब्ध कराने को तत्पर : उमाशंकर अकेला


गेहुँ का बीज वितरण करते विधायक व अन्य

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत में विधायक सह सभापति निवेदन समिति सदस्य झारखंड उमाशंकर अकेला ने रसोईया धमना पैक्स में गेहूँ बीज वितरण किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार हेमंत सोरेन ने समय से पहले सभी किसानों के बीच उपलब्ध कराने के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने सभी किसानों से गेहूँ लेकर लगाने की अपील की है तथा खेती को बढ़ावा देंने की बात कही। मौके पर एमओ आजाद सिंह, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव,जिला महासचिव अब्दुल मनान वारसी, रघुनन्दन यादव, मीडिया प्रभारी तौक़ीर रज़ा, टिंकू केशरी, बासुदेव साव, मनोज कुमार, मो एनुल, मो कासिम, संतोष कुमार, मो इब्राहिम, मो जियाउल हक, मो अनवर, बीरेंद्र कुमार, सहदेव यादव आदि उपस्थित रहे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## त्योहार के दिनों में अंधेरे में डूबे विजैया नीचे टोला के ग्रामीण, विद्युत विभाग से की ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के नीचे टोला के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग बरही के सहायक अभियंता को आवेदन देकर ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि नीचे टोला में लगा 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर एकाएक जल गया जिससे ग्रामीणों को छठ पूजा में विद्युत की समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं बिजली नहीं रहने से छात्र-छात्राओं को पढ़ाई-लिखाई में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने त्योहार व छात्र छात्राओं की समस्याओं को देखते हुए जल्द से जल्द 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाने की मांग की है। मांग करने वालो में समा. जसेवी राजेन्द्र प्रसाद यादव, जवाहर प्रसाद, रामकृष्ण महतो, नरेश महतो, दयानंद कुमार, संजय कुमार,




**ट्रांसफार्मर लगाने की मांग करते ग्रामीण**

विकास कुमार, जगदीश प्रसाद, गो. विंद माधव, जागेश्वर, महादेव, भोला यादव, काली प्रसाद, रोहित कुमार, सचिन यादव, आशा देवी, नारायण माता, सीता देवी, ओम प्रकाश कुमार, राजकुमार, जेठालाल कुमार आदि शामिल हैं।

## जीप प्रतिनिधि मो क्यूम व प्रधान प्रतिनिधि विजय यादव के नेतृत्व में चला सफाई अभियान

**अपेम लाइव: बरही**

बरही प्रखंड के मलकोको पंचायत अंतर्गत बुंडू गांव के छठ घाट में जीप प्रतिनिधि मो क्यूम व प्रधान प्रतिनिधि विजय यादव के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान छठ घाट का जेसीबी से साफ सफाई व समतलीकरण कराया गया। जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने कहा कि छठ पूजा को कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। संतान के सुखी जीवन के लिए या फिर संतान की कामना से भी छठ व्रत रखा जाता है। सूर्यदेव की कृपा से ही पृथ्वी पर जीवन बरकरार है। इस पर्व का विशेष महत्व है। इस पर्व में अपना सहयोग देकर स्वयं को शौभाग्यशाली मानता हूं। छठ व्रतियो को कोई समस्या न हो इसके लिए उचित व्यवस्था की जा




**सफाई अभियान मे शामील मो0 क्युम व अन्य**

रही है। मौके पर बाबूलाल, कैलाश कुमार, रोहित, मनोज, योगेंद्र, महेश, राजेश, महेंद्र यादव, संतोष, जगदीश, प्रवीण कुमार सहित अन्य सभी ग्रामीण मौजूद थे।

## चचरो पार्क में छोड़ा गया 20 लाख मछली की अंगुलिकाएँ

**अपेम लाइव: बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के माधोपुर गांव स्थित चचरो डैम व तिलैया डैम में करीब 20 लाख मछली की अंगुलिकाएँ छोड़ी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव, कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मनान वारसी, प्रखंड खाद्य आपूर्ति विभाग के विधायक प्रतिनिधि बासुदेव यादव, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष मनोहर यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। मत्स्य पालक प्रेम यादव, पिंटू यादव, रंजीत निषाद, मुकेश निषाद, राजू निषाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



**मछली की अंगुलिकाएं नदी मे डालते बिनोद यादव व अन्य**




**कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून की ओर से धनतेरस, दीपावली, छठ पूजा, भैयादूज एवं चित्रगुप्त पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं ।**



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,
शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह




कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

**हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,**

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी

## दिवंगत समाजसेवी राज देव नारायण सिंह के शोक संतप्त परिवार से मिले बरही विधायक उमाशंकर अकेला




**शोक संतप्त परिवार से मिलते विधायक व अन्य**

**अपेम लाइव: बरही**

बरही प्रखंड के केदारूत पंचायत अंतर्गत देव चंदा गांव के दिवंगत वरिष्ठ समाजसेवी राज देव नारायण सिंह के आवास पर निवेदन समिति के सभापति सह विधायक बरही विधानसभा उमाशंकर अकेला यादव पहुंच कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना व मृतात्मा की मोक्ष हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। बताते चलें कि बीते शुक्रवार की रात्रि राजदेव नारायण सिंह का अपने आवास पर अचानक दिल का दौरा पड़ा। इसे संजोग कहा जाए या ईश्वर की कोई लीला उस वक्त विधायक प्रतिनिधि बरही विधानसभा सह कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव वहां उपस्थित थे उन्होंने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तत्काल अपने निजी वाहन में राजदेव बाबू को उठाकर आनन-फानन में कुछ ही मिनटों के भीतर सदर अस्पताल बरही पहुंचे जहां पर डॉक्टरों द्वारा अथक प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। दुखद क्षण की घड़ी में विधायक उमाशंकर अकेला के साथ विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव, बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक अब्दुल मनान वारसी एवं गांव के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रखंड कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने दी।

APEM LIVE

दिनांक: 08-11- 2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## गैड़ा में आयोजित पुलिस नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन, थाम की टीम बनी विजेता

## खेलकूद से सेहत व आत्मविश्वास में वृद्धि कर युवा करें अपने करियर का निर्माण : एसपी

**अपेम लाइवः चँदवारा**

प्रखंड के गैड़ा खेल मैदान में गैड़ा गांव के विभिन्न पदों पर बहाल हुए पुलिस जवानों द्वारा आयोजित पुलिस न०क आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच थाम बनाम यदुटांड के बीच खेला गया। निर्धारित 30-30 मिनट के मैच में दोनों टीमें बराबर है और अंततः पेनाल्टी शूटआउट के जरिए थाम की टीम 1-0 से विजय प्राप्त कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। इसके पूर्व फाइनल मैच का उद्घाटन कोडरमा पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय कर व फुटबॉल को किक मार कर खेल का शुभारंभ किया इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गैड़ा के जवानों ने टूर्नामेंट करवा कर एक सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने नौजवानों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद के माध्यम से वे देश सेवा में जा सकते हैं। उन्होंने अपने स्तर से खिलाड़ियों को सहयोग करने की बात कही। वहीं खेल के उपरांत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मौजूद जिप सदस्य महादेव राम, प्रमुख लीलावती देवी, पिपराडीह मुखिया धीरज कुमार, पूर्व प्रमुख श्यामदेव यादव, पूर्व मुखिया बालेश्वर यादव, ज्ञानी यादव, राजेश यादव, झारखंड पुलिस के जवान दिनेश यादव, अरुण कुमार रजक, नरेश यादव, महेश राणा, उमेश यादव, किशोर दास, एयर फोर्स के जवान राहुल यादव, दशरथ यादव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि निर्मल दास, शिवचरण यादव, राहुल राणा, मुकेश यादव, मंटू यादव, नरेश यादव आदि मौजूद थे।




APEM LIVE

**आज का पचांड्ग----**

आज का अंग्रेजी दिनांकः---09.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलरू
ऋतुः---शरद
माहः--कार्तिक
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---पंचमी तिथि
दिनः---मंगलवार
नक्षत्रः---पू.षा. नक्षत्र
योगः---धृति
करणः---वा
सूर्योदय :---प्रातः 06:33
सूर्यास्त : संध्या 05:27
सूर्य :---तुला राशि में
चंद्रमा :---धनु राशि में
आज का राहूकाल दिनः---03:00 बजे से दिनः---04:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज छठ महापर्व का खरना



**आलेखः-**
संदीप शर्मा
वास्तु,कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में हुई कोरियाडीह छठ घाट की साफ सफाई

**अपेम लाइवः बरही**

लोक आस्था का पर्व छठ को देखते हुए इन दिनों छठ घाटो की साफ सफाई जोर शोर से की जा रही है। इसी क्रम में दूसरे दिन बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह में समाजसेवी सह पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में छठ घाट की साफ सफाई की गई। इस दौरान उन्होंने जेसीबी मंगाकर छठ घाट की साफ सफाई एवं समतलीकरण का कार्य करवाया। पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि छठ पूजा के दौरान व्रतियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। मौके परदामोदर प्रसाद वर्मा, रामजी प्रसाद, नरेश कुमार , नकुल कुमार, महेश प्रसाद, अनिल कुमार, विनोद कुमार, प्रमोद कुमार, जय कुमार, महेंद्र प्रसाद, किशोर प्रसाद, महेश प्रसाद, अजीत कुमार, राजेश प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, बासुदेव महतो, किशोर प्रसाद, मनोज कुमार, सुरेश भुइया, रामजी भुईया, विनय कुमार, सुनील कुमार, संतोष प्रसाद, उमेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद, देवनाथ प्रसाद, तारकेस्वर प्रसाद, सुखदेव महतो, जागेश्वर प्रसाद, विशवनाथ महतो, पवन प्रसाद, बच्चन प्रसाद, संजय प्रसाद, रवि प्रसाद, अशोक प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, रामदेव सिंह, अरविंद कुमार, पप्पू कुमार, मोहन कुमार आदि ने सहयोग किया।



छठ घाट की सफाई कराते लोग

## बरही पश्चिमी भावी जिला परिषद प्रत्याशी चाँदमनी देवी के पुत्र संजय ने चलाया जनसंपर्क



जनसंपर्क अभियान चलाते प्रत्याशी

**अपेम लाइवः बरही**

पंचायत चुनाव नजदीक आते ही विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओ द्वारा जन सम्पर्क अभियान जारी है। इसी क्रम में बरही प्रखण्ड के में बरही पश्चिमी जिला परिषद प्रत्याशी के पुत्र संजय पासवान ने जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसम्पर्क अभियान के दौरान बेन्दगी और रसोइयाधमना के ग्रामीणों की समस्यायें सुनी तथा अपनी माता चाँदमनी देवी के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि सभी समाज के लोग एक जुट होकर बैठक करते हुए एक स्वर में उन्हें समर्थन देने का भरोसा दिया है। यदि जनता चुनकर एक मौका देती है तो जनता के हर सुख देख में साथ खड़ा रहकर सभी प्रकार की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। मौके जितेंद्र रविदास , राजेश रविदास, यमुना रविदास, राजकुंमर रविदास, सुखदेव रविदास, मनोज कुमार

## मृतक के परिजनों से मिलकर विधायक ने किया शोक प्रकट, दिया हर संभव मदद का आश्वासन



मृतक के परिजनों से मिलते विधायक व अन्य

**अपेम लाइवः बरही**

बरही विधायक ने मृतक के परिजनों से मिलकर किया शोक प्रकट। ज्ञात हो कि 4 नवंबर को संध्या पाँच बजे रसोईया धमना निवासी तिलक साव की मौत बोलेरो की चपेट में आने से हो गई थी। एवं उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जहाँ उन्हें बेहतर इलाज के लिए राँची रिम्स भेज दिया गया। जब इस बात की सूचना बरही विधायक को मिली तो वह सोमवार को मृतक के परि. जनों से मिलने रसोईया धमना पहुँचकर शोक संवेदना प्रकट किया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से जल्द से जल्द मृतक के परिजनों को सरकारी सुविधा उपलब्ध देने की बात कही है। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं मृतक परिवार को हर संभव मदद करने के लिए तैयार हूं। वहीं रसोईया धमना मोड़ पर लगातार हो रही दुर्घटना को लेकर एन एच के अधिकारी कृष्णमोहन शुक्ला से बात कर धमना मोड़ पर अतिशिघ्र स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष डo निजामुद्दीन अंसारी, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव, जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, मीडिया प्रभारी तौकिर रजा, नंद किशोर कुमार, तापेश्वर साव, बीरेंद्र कुमार, मनोज साव, टिंकू केशरी, सुनील साव, बासुदेव साव, संतोष कुमार, मो एनुल, मो इब्राहिम एवं रवि कुमार मौजूद थे।







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित,    एडिटिंग- धनंजय कुमार    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर












**जिला परिषद मध्य भाग की उम्मीदवार मालती देवी की ओर से आप सभी को छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ**

**बरही पश्चिमी पंचायत के भावी मुखिया प्रत्याशी अनिता देवी की ओर से छठ पूजा, चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर बरही वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।**



अनिता देवी, मुखिया प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

### हमारा विजन

1. बरही पश्चिमी पंचायत को आदर्श पंचायत के रूप में स्थापित करना प्राथमिकता

2 स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिला सशक्तकरण को बढावा देना ।

3 आम सभा कराकर ही सरकारी योजनाओं का चयन एवं कियान्वयन प्राथमिकता।

4. गरीब एवं मेधावी बच्चों की शिक्षा के लिए विशेष व्यवस्था करना।

# APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## एस्कॉर्ट सर्विस दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले छह साइबर क्राइम अपराधी गिरफ्तार

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



प्रेस कॉन्फ्रेन्स कर जानकारी देते पुलीस अधिकारी

कोर्रा थाना क्षेत्र के मटवारी से एस्कॉर्ट सर्विस दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के छह आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान बरकट्ठा निवासी राजेश कुमार पिता लालधारी नायक, अंकुश कुमार पिता रामलखन मोदी, नारायण साव पिता महेश साव, गोरहर निवासी अक्षय कुमार पिता शंकर मोदी, पिंटू कुमार पिता ईश्वर यादव व छोटकी बरही निवासी सोनू कुमार गुप्ता पिता पुरणदेव साव के रूप में हुई है। उनलोगों के पास से एक लैपट०प, 14 मोबाइल, 3 एटीएम व 2 बाइक जब्त किया गया है। इस बात की जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि कोर्रा स्थित ओमपुरी लॉज में कुछ लड़के जमा होकर लड़कियों का आपत्ति. जनक तस्वीर दिखाकर साइबर ठगी कर रहे है। गुप्त सूचना पर एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम में लॉज से 6 लोगो को गिरफ्तार किया। इस सं. बंध में थाना कांड संख्या 134/21 दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि 6 आरोपियों ने सकोका और ओकलुट वेबसाइट में एकाउंट बनाकर लड़कियों का आपत्तिजनक तस्वीर डालकर फ़ोन नंबर उबलब्ध कराया जाता है। एस्कॉर्ट सर्विस चाहने वाले उस नंबर पर फ़ोन कर संपर्क करते है। अगर कस्टमर एस्क०र्ट सर्विस के लिए पैसा नही देता है तो उसके फ़ोटो को एडिट कर अश्लील बनाकर वायरल करने की धमकी देता था। सभी आरोपियों को पकड़ कर उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है।

## मुखिया प्रतिनिधि विष्णुधारी माहतो ने छठ घाट का करवाया सफाई



**अपेम लाइवः बरही**

छठ महापर्व को देखते हुए बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के रविदास टोला एवं बरसोत छठ घाट में समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि बिशुनधारी महतो के नेतृत्व में साफ सफाई की गई। साथ ही साथ बरसात को देखते हुए मुख्य छठ घाट का रास्ता का मरम्मत भी करवाया गया। उन्होंने बताया कि जितना स्ट्रीट लाईट खराब था सभी को रिपेयर करवाया गया है। इस कार्य मे पंसस वन बिहारी कुमार, वार्ड सदस्य अजय कुमार राम राज, वार्ड प्रतिनिधि बसंत रविदास, ग्रामीण सोनू रविदास, सुरेंद्र रविदास, प्रकाश साव, अमित चंद्रवंसी, नंदू रजवार, महेंद्र रजवार,प्रदीप रजवार,बिजली मिस्त्री, प्रदीप कुशवाहा, दीपक रविदास,वासुदेव कुमार रविदास, राजेश कुशवाहा आदि ने सहयोग किया।

## बरसोत पंचायत से युवा समाजसेवी मनोज कुमार यादव ने पेश की मुखिया पद की दावेदारी


### कहाः एक बार मौका दें बरसोत पंचायत को आदर्श पंचायत बनाऊंगा

**अपेम लाइव : बरही**










बरसोत पंचायत के युवा समाजसेवी मनोज कुमार यादव ने बरसोत पंचायत से मुखिया पद के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश की है। उम्मीदवारी पेश करते हुए बरसोत पंचायत की जनता से एक बार मौका देने की अपील की है। मनोज कुमार यादव बरसोत पंचायत के श्रीनगर गांव का रहने वाले हैं। वे समाजसेवी स्व बंशी यादव के सुपुत्र हैं। इनके दादा स्व डिलचन्द यादव मुखिया रह चुके हैं। अपने पिता एवं दादा के सपनो को पूरा करना चाहते हैं। उन्होंने अपनी प्राथमिकता की जानकारी देते हुए कहा कि श्रीनगर सहित पूरे पंचायत का जितना विकास होनी चाहिए थी। उतना नही हो पाया। एक बार मौका दें, बरसोत पंचायत को आदर्श पंचायत बनाकर आम जनता के चेहरे पर मुस्कान लाऊंगा। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं आम जनता के घरों तक स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर करने का प्रतिबद्धता दुहराई। कहा आज भी युवा दूसरे जगह पलायन कर रहे हैं। उनकी कोशिस रहेगी कि योग्यता के आधार पर पंचायत में रोजगार सृजन कर रोजगार दूँ। मुखिया के भावी प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने सभी से एक बार समर्थन करने की अपील की है।

## ट्रक के धक्के से स्कूटी सवार भाई-बहन घायल



**अपेम लाइव : विष्णुगढ**

विष्णुगढ़ हजारीबाग रोड़ में नायक पेट्रोल पंप के पास सोमवार को सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में रमुवां निवासी पूजा कुमारी (19) तथा प्रणव कुमार (12) दोनों के पिता मनोहर लाल महतो शामिल हैं। इनमें पूजा कुमारी का हाथ टूट जाने तथा प्रणव के माथे पर चोटें आई है। बताया जाता है कि दोनों बहन किसी काम से स्कूटी पर सवार होकर विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रक ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक को कब्जे में लेकर विष्णुगढ़ पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

## नहाय खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**



बरांय में छठ घाट की साफ सफाई में शामिल लोग

नहाय खाय के साथ सोमवार से चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू हो गया। सुबह में छठव्रतियों ने स्थानीय नदी तालाब में स्नान कर छठ महापर्व का संकल्प लिया। इसके बाद घर आकर शुद्धता के साथ अरवा चावल, चना दाल तथा कद्दू की सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। छठ व्रतियों के द्वारा नहाए खाय को लेकर साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। मंगलवार को छठ महापर्व का खरना होगा। बुधवार को छठ घाटों में अस्ताचलगामी तथा गुरुवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का समापन हो जाएगा। इधर, छठ घाटों की सफाई भी जोर शोर से की जा रही है। स्थानीय लोगों की इसमें अच्छी भागीदारी देखने को मिल रही है। कई घाटों में जेसीबी से भी काम लिया जा रहा है। घाटों को आकर्षक तरीके से रौशनी से सजाया जा रहा है। वहीं, घाट आने जाने वाले रास्ते में लाईट एवं लाउड. स्पीकर की व्यवस्था की जा रही है। स्थानीय लोग इसमें पूरी तन्मयता से जुटे हैं। विष्णुगढ़ के चेडरा, विष्णुगढ़, भेलवारा, गोविन्दपुर, कुसुंभा, चानो, नवादा, बनासो, अलपीटो, गाल्होबार, खरना, गैड़ा, बरांय, अचलजामो, सिरैय, नरकी समेत कई गांवों में छठ की तैयारी जोरों से की जा रही है। जगह-जगह लाडस्पीकर से आ रही छठ के गीतों से पूरा माहौल छठमय हो गया है।

## विधायक ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**



जयनगर : प्रखंड के ग्राम तरवन में जय हिन्द स्पोर्टिंग क्लब तरवन एवं आदर्श स्पोर्टिंग क्लब द्वारा न०क आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन बिरसा मुंडा क्लब क्रिकेट मैदान में किया गया। टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने किया एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मुख्य अतिथि विधायक ने खिलाड़ियों का उत्साह अफजायी करते हुए खेल भावना से खेलने की अपील खिलाड़ियों से किया । उन्होंने कहा कि खेल से न केवल मनोरंजन होता है बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। साथ ही खेल हमें अनुशासित होने की सीख देती है। आप अच्छी लगन व मेहनत से खेलें, निश्चित ही खेल में भी भरपूर केरियर बना सकते हैं और अपना मुकाम हासिल कर सकते हैं। इस अवसर पर कोडरमा जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला देवी, जिला परिषद सदस्य पवन सिंह, स्थानीय मुखिया अर्चना देवी, राज. कुमार यादव, बासुदेव यादव, रामदेव मोदी, यमुना यादव, शिव शंकर मोदी, विजय यादव, प्रेम यादव, देव नारायण यादव एवं क्लब के सदस्यगण, सैकड़ों खेल प्रेमी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## उन्नत खेती के लिए पैक्स से सब्सिडी पर मिलेगा गेहूं बीज : विधायक अमित यादव

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**



बरकट्ठा : प्रखण्ड अंतर्गत गेपहाडी पैक्स पर रविवार से सब्सिडी दर पर उन्नत खेती के लिए गेहूं का बीज मिलना शुरू हो गया है। इसका विधिवत उद्घाटन बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने किये एवं क्षेत्र के किसानों के बीच बीज का वितरण किये ।विधायक ने कहा कि इस वर्ष धान की बेहतर पैदावार हुई है। अब किसान सब्सिडी दर पर पैक्स के माध्यम से गेंहू बीज की खरीदारी कर खेतों में समय रहते लगा सकते हैं। मौके पर भाजपा बेड़ोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, राजकुमार प्रसाद, अनिल आज़ाद, छोटेलाल मेहता, लोकनाथ प्रसाद, सिकेंदर प्रसाद, अरुण कुमार, महेन्द्र प्रसाद समेत बड़ी संख्या में किसान भाई एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक ने किया छठ घाटों का निरीक्षण, कई दिशा निर्देश दिया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड्कागांव पी 5 छठ घाट का निरीक्षण करते विधायक व अन्य

लोक आस्था का महा पर्व छठ के अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने सोमवार को बड़कागांव के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। घाटों का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने घाट पर मुहैया किए गए सुविधाओं का जायजा लिया तथा नदी में जल स्तर की जानकारी ली एवं अधिक पानी वाले स्थानों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बड़कागांव सूर्य मंदिर छठ घाट, गुरु चट्टी छठ घाट, सांढ छठ घाट समेत कई घाटों की साफ–सफाई और व्रतियों की सु. विधा व सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विधायक ने बीडीओ जितेंद्र कुमार पांडेय को घाटों के चारो तरफ साफ–सफाई करने, नदी में जाने के लिए सुगम घाट का निर्माण करने, गहरे पानी में श्रद्धालुओं को जाने से रोकने के लिए बैरिकेटिंग करने आदि का निर्देश दिया। इसके अलावे घाट पर समुचित रौशनी, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा एवं पेयजल की व्यवस्था करने का निर्देश भी दिया। ताकि व्रत के दौरान श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नही हो और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटे।मौके पर बीडीओ जितेंद्र कुमार पांडेय, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, रिंकू कुमार, विशेश्वर नाथ चौबे, आनंद कुमार, वाजिद अली, शशि कुमार महतो, विजय कुमार,रंजीत कुमार,अमर कुमार ,अरविंद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## लक्ष्मी मोटर्स ने ओल्ड ऐज होम में वृद्धजनों के बीच सामग्री का किया वितरण

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**




बरकट्ठाः ओल्ड ऐज होम में वृद्धजनों के बीच जरूरत चीजों का वितरण किया गया। वितरण हज़ारीबाग़ के युवको की सामाजिक इकाई टीम खुशी ने किया। इस कार्यक्रम को लक्ष्मी मोटर्स सर्विसिंग सेंटर बरकट्ठा के द्वारा प्रायोजित किया गया। मौजूद वृद्धजनों के बीच चादर, कम्बल, सरसो तेल, बोरोलीन, न्यूट्री चॉइस बिस्किट, च्यवनप्राश, सेव बॉडी वार्मर समेत अन्य चीजो का वितरण किया गया। साथ ही टीम खुशी ने ओल्ड एज होम के वृद्धजनों को आने वाले महीनों में सब्जी व गैस के लिए सहयोग देने का आश्वासन दिया। मौजूद प्रभारी नीरज सिंह ने युवाओं द्वारा की जा रही इस कार्य की सराहना की भविष्य में ऐसे कार्यो को और बढ़ चढ़ कर करने के लिए प्रेरित किया। ज्ञात हो की टीम खुशी ने कैनरी हिल से 15 बैग कचड़ा साफ किया। साथ ही दीवाली के अवसर पे बिरहोर टोला इचाक में दीवाली भी मनाते हुवे व बच्चो को नए कपड़ो का वितरण किया। खुशी टीम ने बताया की झारखंड स्थापना दिवस में अवसर पे टीम खुशी ने कम्बल वितरण का कार्यक्रम निर्धारित कर रखा है। मौके पर लक्ष्मी मोटर्स प्रो. अविनाश प्रताप, मनीष सिंह, लक्ष्मी मोटर्स मैनेजर जावेद अख्तर, दीपक सिंह, पृथ्वी राज, अभिनव सिंह, विवेक सिंह, पिंटू सिंह, सुड्डू सिंह, आलोक नाथ पाण्डेय, आनंद किशोर, अंकित सिंह, सुमित कुमार गुप्ता, अमित वर्मा, संदीप वर्मा, सौरव विशाल, अरुण केरकेट्टा, बबलू महतो, चंदन कुमार, राजीव शर्मा, आशु भारती, निधि भारती, उमा कुमारी, शिवराज शेखर, शुभम सागर, नीरज सिंह, कुंदन, फैज़ल खान, प्रभात मोदी, शुभम कुमार व सहायक प्रभारी सनत कुमार सिन्हा, मुकेश कुमार, दिलीप विश्वकर्मा, मो0 मिन्हाज, पंकज कुमार वर्मा, शैलेंद्र महतो, एकलाख अंसारी, विकास कुमार, शिख अलीम, जुगल नायक, दिलीप साव, पिंटू कुमार, राहुल मंडल, विश्वजीत सिंह, र0की कुमार, मिंटू विश्वकर्मा, जाहिर साह, राकेश कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## विकास सेवा समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई

**अपेम लाइव : बडकागॉव**




बड्कागॉव पी 3 विकाश समिति के लोग

बड़कागांव में विकास सेवा बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के नए कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से दशरथ कुमार को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष व बुद्धि नाथ महतो को सचिव चुना गया। इनके अलावा 9 लोगों को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर मेंबर का चुनाव किया गया। सोमवार को विकास सेवा समिति कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समिति को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए पदाधिकारियों द्वारा संकल्प लिया गया। मौके पर अध्यक्ष दशरथ कुमार, सचिव बुद्धि नाथ महतो, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के मेंबर राधा देवी, सबया भवानी, विश्वनाथ रजक, लालमणि महतो, राजू कुमार, रंजीत कुमार, ज्ञानी कुमार ,देव प्रसाद ,ईश्वरी प्रसाद के अलावे पूर्व बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के मेंबर प्रवीण कुमार, गणेश प्रसाद, अश्वनी कुमार, विष्णु दयाल, अशोक कुमार, धनुषधारी महतो के अलावा कई लोग शामिल हैं।

## मसकेडीह पंचायत से जुवेदा खातुन होगी मुखिया प्रत्याशी

**अपेम लाइव : चलकुशा**



ग्राम बरियौन पंचायत मसकेडीह निवासी जुवेदा खातुन पति तसलीम रजा होगी मसकेडीह पंचायत से मुखिया प्रत्याशी। इस दौरान जुबेदा खातून ने पत्रकारों को बताया कि हमारे पति तसलीम रजा वर्तमान में वार्ड पार्षद है हम और हमारे पति के द्वारा लोगों के बीच समाज सेवा करते आए हैं। जनता के लिए प्रधानमंत्री आवास ,विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन इत्यादि कार्यो में लोगों के साथ साथ चलने का काम किया है। इस बार मसकेडीह पंचायत के जनता मुझे मौका दिया तो हिन्दू मुस्लिम के साथ मिल जुल कर चलने का काम करूंगी। साथ ही कहा कि महिलाओं को अपना अधिकार दिलाने की मेरी पहली प्राथमिकता होगी। क्षेत्र में विकास की गति धीमी गति से जो चल रही है उसे में रफ्तार लाने का काम करूंगी। और जनता के साथ निःस्वार्थ भावना से मदद करूंगी।

## सीसीएल के सीएमडी ने एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह का दौरा कर कार्यों का निरीक्षण किया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



निरीक्षण के दौरान उपस्थित पदाधिकारी

सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद, एवं मुकेश चौधरी, निदेशक, एमओसी (कोयला मंत्रालय) ने एनटीपीसी पकरी बरवाडीह सिकरी साइट कार्यालय, पकरी बरवाडीह कोयला खदान, स्टेकर रिक्लेमर एरिया और बनादाग रेलवे साइडिंग का दौरा किया। इस दौरान विभिन्न परियोजनाओं को अधिक से अधिक कोयला भेजे जाने के लिए कई उपाय बताए। खनन कार्य को विस्तार देने और सुरक्षा के साथ खनन पर महत्वपूर्ण सुझाव दिये। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के कार्यकारी निदेशक एमवीआर रेड्डी ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान महाप्रबंधक नीरज जलोटा , अपर महाप्रबंधक, मानव संसाधन विभाग अमित कुमार अस्थाना उपस्थित थे। सिकरी कार्यालय के प्रशासनिक भवन के बाहर सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद ने पौधारोपण किया और वृक्षों का महत्व को बताते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन में बड़ी भूमिका निभाते है। जहां एक ओर वृक्ष हमे फल, फूल देते हैं वहीं दूसरी और वृक्ष हमारे शरीर को ऑक्सीजन देते हैं। पर्यावरण को संतुलित करने में पेड़–पौधों की मुख्य भूमिका है। पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है। ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। पर्यावरण को सुरक्षित रखें। वहीं मुकेश चौधरी ने कहा की पौधे हर क्षेत्र में लगाए जाने से खुशहाली, समृद्धि और आने वाली पीढ़ी को अच्छा वातावरण मिलेगा। इस अभियान में सभी की भागीदारी होनी चाहिए।

## मानवता को शर्मसार करने वाली घटना से आहत है ग्रामीण, नवजात बच्चे को सिमराडीह के बनिवां तालाब में फेका गया

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**




राजपुर थाना क्षेत्र के चिरिदिरी पंचायत के सिमराडीह लोहार पट्टी स्थित बनिवां तालाब में सोमवार की शाम एक नवजात बच्चे की शव पानी मे तैरता हुआ ग्रामीणों ने देखा जिसके बाद ग्रामीण काना फुसकी करने लगे और मामले जंगल की आग की तरह पंचायत सहित प्रखण्ड में फैल गया ।बच्चे की शव को देखकर प्रतीत होता है कि बच्चे को जन्म से पहले ही मार दिया गया है ।इधर बच्चे की शव की सूचना पर ग्रामीण भी आहत है,ग्रामीणों का कहना है कि जो भी बच्चे को फेका है ये घिनौना कार्य किया गया है ।यह मानवता को शम. ‘सार करने वाली घटना है ही और माँ के ममता पर भी सवाल उठाए जा रहे है ।आखिर वो कैसे माँ थी जिसने अपने कोख में सात आठ महीने रख कर बच्चे को मार दे रहे हैं ।इधर इसकी सूचना जैसे ही राजपुर पुलिस को मिली पुलिस रात सात बजे ही तालाब पर पहुंची।

## अनिल यादव ने रालो छठ घाट का जेसीबी मशीन द्वारा किया सफाई

**अपेम लाइवः बरही**




खोड़ाहर पंचायत के रालो छठ तालाब जहाँ कचरा का अंबार पड़ा हुआ था। जो इस बात को देखते हुए खोड़ाहर पंचायत के युवा समाजसेवी अनिल यादव ने छठ घाट का जेसीबी मशीन द्वारा सफाई किया। और तालाब जाने वाली सड़क की स्थिति काफी खराब थी जिसे उन्होंने समतलीकरण करवाया। मोके पर उमेश यादव, राहुल यादव, संतोष पासवन, राजेश यादव, रंजीत यादव एवं कुलेश्वर यादव मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सड़क हादसे में राजमिस्त्री की मौत, बाइक चालक जख्मी

**अपेम न्यूज़ : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**



घायल का इलाज करते स्वास्थकमी

अलग–अलग स्थानों पर रविवार को हुए सड़क हादसों में एक अधेड़ की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। बेंगाबाद संवाद सहयोगी ने बताया कि गिरिडीह–मधुपुर मुख्य मार्ग में घुठिया के पास रविवार सुबह अज्ञात वाहन के धक्के से एक राजमिस्त्री की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौप दिया। घुठिया निवासी 52 वर्षीय मो. कुद्दुस करीब पांच बजे सुबह मार्निंग वाक के लिए निकले थे। वह घुठिया से फिटकोरिया मोड़ के बीच टहल रहे थे। घुठिया मोड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के समय आसपास कोई नहीं रहने के कारण वह सड़क पर ही लगभग आधा घंटा तक पड़े रहे। काफी देर बाद लोगों की नजर उस पर पड़ी। उसके माथे पर गहरा चोट था। ला.ेगों ने अनुमान लगाया कि लगभग आधा घंटा पूर्व मधुपुर से बेंगाबाद की ओर एक टैंकर जा रहा था। टैंकर की चपेट में आकर ही कुद्दुस की मौत हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और सदर अस्पताल ले गई, वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## छठ व्रतियों के लिए नो प्रॉफिट नो लॉस की तर्ज पर फल स्टॉल

## स्थान – श्री शिव महावीर मंदिर कचहरी चौक गिरिडीह

**अपेम न्यूज़ : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**



माहुरी वैश्य नवयुवक समिति, गिरीडीह के तत्वाधान से विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी दिनांक 09 एवं 10 नवंबर 2021 तदनुसार दिन मंगलवार एवं बुधवार को नो प्रॉफिट – नो लॉस के तर्ज पर छठ व्रतियों के लिए श्री शिव महावीर मंदिर, कचहरी चौक, गिरिडीह में काफी सस्ते दर पर फल का स्ट०ल लगाया जा रहा है। यह जानकारी समिति से सिद्धांत कंधवे ने दी। समिति ने गिरिडीहवासियों एवं छठव्रतियों से सादर अनुरोध है किया है की पुणरू सेवा का अवसर प्रदान कर हमें कृतार्थ करें।

## चुरचू प्रखण्ड में हुआ सांसद जयंत सिन्हा का दौरा

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



सांसद जयंत सिन्हा का स्वागत करते

सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा चुरचू प्रखण्ड का दौरा किया गया इस कार्यक्रम के तहत चुरचू प्रखंड के आंगो पंचायत अंतर्गत के खुरुंदी ग्राम में रोड एवम नदी पर पुल का निरीक्षण कर बनवाने का आश्वासन लोगों को दिया। कार्यक्रम से पूर्व ग्रामीणों के द्वारा सांसद का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। साथ ही मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह ने बुके देकर सांसद को स्वागत का कार्य किया। आंगो के पश्चात चुरचू बाजार में लोगों के बीच कोरोना हारेगा कार्यक्रम के तहत मेडिकल किट और मास्क का वितरण सांसद जयंत सिन्हा ने किया। साथ ही चरही पंचायत भवन में दिव्यांगों के बीच वैशाखी व्हीलचेयर और उपकरणों का वितरण चरही चौक में जनसंवाद का आयोजन कर लोगों से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम का अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह ने किया। मौके पर मुख्य रूप से बिस्सुत्री अध्यक्ष प्रबिल यादव, सांसदप्रतिनिधी संजय कुमार, उपप्रमुख चोलेसर महतो, आगो पूर्व मुखिया धनेश्वर सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष ललन शर्मा, महामंत्री घनश्याम करमाली, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती आशा राय, महिला बल विकास विधायक प्रतिनिधि वीणा मिश्रा, बबिता सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष भोला महतो, फूलेसर महतो, उपाध्यक्ष रोहित महतो, महामंत्री साशी साव, सुमित सिंह, प्रखंड मंत्री श्याम भारती, मेघनाथ महतो, एसटी मा.ेर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी करमाली, प्रमुख प्रतिनिधि किसुन महतो, भुनेश्वर ठाकुर, सुजीत सिंह, सुरेश महतो, मकसूदन सिंह, रोहित ठाकुर, प्रयाग महतो सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के पश्चात भाजपा के पूर्व पंचायत अध्यक्ष स्वर्गीय राम नारायण शाह पूजा फैमिली होटल में जाकर उनकी धर्मपत्नी से मिलकर सांत्वना दी साथ ही चरही के ग्रामीणों के द्वारा एनएच किनारे शौचालय एवं स्ट्रीट लाइट नहीं जलने की शिकायत सांसद से की जिसका उन्होंने अति शीघ्र विभाग से मिलकर लाइट जलाने का आश्वासन लोगों को दिया।

## लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की शुरुआत, देखने को मिल रहा पूरे प्रखण्ड में

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



परमेश्वर महतो



आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव परमेश्वर महतो के सहयोग एवं कमांडस ग्रुप, जरबा के युवकों द्वारा जरबा छठ की साफ–सफाई एवं आवगमन हेतु रास्ता बनाया गया। कमांडस ग्रुप के युवाओं के द्वारा सुर्य देव की प्रतिमा स्थापित कर पूजा–अर्चना किया जाता है। साथ ही घाट में उचित विधि व्यवस्था भी बनाये रखते हैं। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा 2021 की शुरुआत नहाए–खाए के साथ आज सोमवार से हो गया है। आज व्रत करनेवाले दुध–भात खुद बनाकर ग्रहण करते हैं. सबसे पहले छठ व्रती भगवान भास्कर का स्मरण कर भोग लगाती हैं। इसके बाद घर के लोग इसका सेवन करते हैं। छठ व्रती बड़ी तादाद में गंगा स्नान कर इस व्रत की शुरुआत करते हैं। इस दौरान मिट्टी के बरतन और चूल्हे का बड़ा महत्व होता है। गेहूं धोकर पूरी पवित्रता के साथ उसे सुखाया जाता है, फिर जाते में उस गेहूं को पीसा जाता है। उसी आटे का पकवान बनाकर भगवान भास्कर को अर्पित किया जाता है. बता दें कि घरों की छतों पर गेहूं सूखने के दौरान पवित्रता का पूरा खयाल रखा जाता है। इस छठ पूजा 8 नवंबर से प्रारंभ हो रहा है। इस तरह 9 नवंबर को खरना होगा. इस दिन छठ व्रती के साथ पूरा परिवार दूध–भात, गुड़ और केले का सेवन करते हैं. इसके बाद 10 नवंबर को अस्ताचल सूर्य देवता को पहले अर्घ्य दिया जाता है. इसके अगले दिन यानी 11 नवंबर को अहले सुबह उगते हुए सूर्य को अंतिम अर्घ्य दिया जाता है। सुबह के अघ्य के साथ ही छठ महापर्व का समापन होता है। बता दें कि छठ महापर्व के मौके पर पूरे बिहार का माहौल भक्तिमय हो जाता है। चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत हो चुकी है। इस मौके पर नदी, नहर, तालाब आदि को साफ किया गया है, ताकि घाटों पर छठ व्रती पूजा–पाठ कर सकें। कोरोना संक्रमण के चलते आमलोगों और श्रद्धालुओं से विशेष सतर्कता बरतने का अनुरोध किया गया है। प्रशासन के स्तर पर भी इसका खास ख्याल रखा जा रहा है। छठ महापर्व कोविड प्रोटोक०ल के तहत मनाया जाए इसको लेकर व्यापक पैमाने पर तैयारी की गई है। वहीं, स्थानीय प्रशासन कई टीमें बनाकर इस पर विशेष ध्यान रख रहा है।।







APEM LIVE